Sanskrit University at Sringeri

*254. SHRI SIKANDAR BAKHT:
SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the answer to Starred Question 50 given in the Rajya Sabha on 16th July, 1991 and state:

(a) whether it is a fact that Government had announced a decision to set up a Sanskrit University at Sringeri;

(b) if so, the progress made in this regard; and

(c) the time-schedule for the completion of the project?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Government had decided to initiate institutional structures which would evolve into a Sanskrit University over a period of time.

(b) A Kendriya Sanskrit Vidyapeetha has been set up at Sringeri by the Rashtriya Sanskrit Sansthan. The Vidyapeeth is named after the former Prime Minister late Shri Rajiv Gandhiji.

(c) No time-schedule has been fixed in this behalf.

दिल्ली विकास प्राधिकरण में घोटाले

*256. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **शहरी विकास मंत्री** 6 दिसम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 707 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण में की गई अवैध नियुक्तियों में धांधली, मनमानी और घपलेबाजी के संबंध में दिल्ली के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 17 जुलाई, 1991 को दिए गए निर्णय में किए गए अवक्षेपों के फलस्वरूप जांच के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपे गए मामले के संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ख) इस मामले में लिप्त पाये गये अधिकारियों के नाम और पदनाम क्या हैं, तथा सरकार ने उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

शहरी विकास मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) यह मामला इस समय केन्द्रीय जांच ब्यूरो के जांचाधीन है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता क्योंकि जांच अभी प्रगति पर है ।

विभिन्न पुस्तकालयों के लिए परामर्श समिति

*257. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रजा स्टेट लाइब्रेरी, रामपुर, सालारजंग म्यूजियम, हैदराबाद और खुदा बक्श लाइब्रेरी, पटना के के लिए एक परामर्श समिति गठित करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) क्या सरकार ने इस कदम से पहुंचने वाले संभावित नुकसान का अनुमान लगाया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) जी, नहीं, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि ये संस्थाएं स्वायत्त संस्थाएं हैं और इनके अपने-अपने प्रबंध मंडल हैं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।